मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल – 462003
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
MAULANA AZAD NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY BHOPAL- 462003
(An Institute of National importance under Ministry of Education, Govt. of India)

// परिपत्र //

संपदा/24/849

दिनाँक: - 30/09/2024

विषय: संस्थान परिसर में गीले और सूखे अपशिष्ट के निष्पादन हेतु दिशा-निर्देश।

उपरोक्त उद्धृत विषयवस्तु के संदर्भ में संस्थान के सभी विभागाध्यक्षों/केंद्राध्यक्षों/अनुभाग प्रमुखों/हॉस्टल वार्डनों तथा केयरटेकरों के साथ ही संस्थान परिसर में रहने वाले समस्त रहवासियों से निवेदन है कि, सभी अपने-अपने परिसरों के अंदर और बाहर सामान्य साफ़-सफाई सुनिश्चित रखें। हमारा संस्थान एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में हमें गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग निष्पादित करने की आवश्यकता है। यह न केवल पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि नगर निगम द्वारा कचरे के उचित प्रबंधन के लिए भी महत्वपूर्ण है।

इस संदर्भ में सभी से अपेक्षा की जाती है कि, वे अपने निवास, विभाग और छात्रावास का गीला एवं सूखा अपशिष्ट पृथक रूप से एकत्र कर उसके निष्पादन हेतु उचित कदम उठाएं।

अतः समस्त विभागाध्यक्षों/केंद्राध्यक्षों/अनुभाग प्रमुखों/हॉस्टल वार्डनों तथा केयरटेकरों से निम्न दिशा-निर्देश प्रसारित करने का अनुरोध किया जाता है: -

1. **कचरा विभाजन:** कृपया गीले कचरे (जैसे खाद्य सामग्री, फल और सब्जियों के छिलके) को एक बिन में और सूखे कचरे (जैसे प्लास्टिक, कागज और धातु) को दूसरे बिन में डालें।
2. **कचरे का निपटान:** निर्धारित समय पर अपने-अपने स्थान से कचरे को नगर निगम की गाड़ी में डालें, ताकि समयपूर्वक अपशिष्ट कचरों का निपटान हो सके।
3. **जागरूकता फैलाएं:** अपने सहयोगियों और दोस्तों को भी इस प्रक्रिया के बारे में जागरूक करें, ताकि हम सभी मिलकर एक स्वच्छ वातावरण बना सकें।

आपके सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद। हम सब मिलकर इस प्रयास में सफल हो सकते हैं।

सम्पदा अधिकारी
30/9/2024

प्रतिलिपि:-

1. समस्त विभागाध्यक्षों/केंद्राध्यक्षों/अनुभाग प्रमुखों/हॉस्टल वार्डनों तथा केयरटेकरों हेतु प्रसारित,
2. समस्त रहवासी,
3. अध्यक्ष छात्रपाल परिषद,
4. संकायाध्यक्ष (योजना एवं विकास),
5. निज सहायक (कुलसचिव) - कुलसचिव के सूचनार्थ,
6. निज सहायक (निदेशक) - निदेशक के सूचनार्थ।

Address: MANIT, Link Road No.3, Near Mata Mandir, Bhopal-462003(M.P.) INDIA
Phone: +91-755-4051000, 4052000 **Fax**: +91-755-2670562 **Web**: http://www.manit.ac.in